# बिहार सरकार
# आपदा प्रबंधन विभाग

## बाढ़ 2025 : प्रेस विज्ञप्ति
**(05 अगस्त 2025)**

**समयः अपराह्न 05:00 बजे**

1. **वर्षापात : बिहार मौसम सेवा केन्द्र, पटना** से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में इस वर्ष जून माह में सामान्य वर्षापात से **25 % कम,** जुलाई माह में सामान्य वर्षापात से **33 % कम** एवं अगस्त माह में अबतक सामान्य वर्षापात से **189 % अधिक** वर्षापात दर्ज किया गया है। **01 जून से 05 अगस्त** की अवधि में पूरे राज्य में **465.5 मि0मी0** वर्षापात दर्ज किया गया है जो इस अवधि में सामान्य वर्षापात से **14 % कम** है।

2. **बाढ़ की स्थिति :**

**भोजपुर जिला : गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि** होने के कारण **शाहपुर प्रखण्ड के जबईनिया गांव** में कटाव के कारण लगभग **1500 आबादी** प्रभावित हुई है। प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा **03 सामुदायिक रसोई केन्द्र के माध्यम से भोजन की व्यवस्था** की गई है। **सामुदायिक रसोई केन्द्रों के माध्यम से अबतक लगभग 39250 (थाली की संख्या) लोगों को भोजन** कराया गया। **वर्तमान में 01 सामुदायिक रसोई केन्द्र का संचालन बन्द** कर दिया गया है। साथ ही, जरूरतमंद **परिवारों के बीच 665 पॉलीथीन शीट्स** का भी वितरण किया गया।

राहत एवं बचाव कार्य के लिए भोजपुर जिला में **एस०डी०आर०एफ० की 01 टीम** तैनात है।

3. **नदियों का जलस्तर :–** केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार **गंडक नदी** डुमरिया घाट, **कोसी नदी** बलतारा एवं कुर्सेला में, **बागमती नदी** बेनीबाद, सोनाखान, कटौंझा में, **बूढ़ी गंडक नदी** खगड़िया में, **भुतही बलान** इकमा साइफन में, **गंगा नदी** कहलगांव, भागलपुर, बक्सर, दीघा, गाँधी घाट, हाथीदह एवं **पुनपुन नदी** श्रीपालपुर में **खतरे के निशान से ऊपर** बह रही है।

**4. गंडक एवं कोसी नदियों का जलस्राव :**

(क) **गंडक नदी (बाल्मीकिनगर बराज) :– दिनांक 05.08.2025 को अपराह्न 04:00 बजे** गंडक बराज पर नदी का जलस्राव **1,34,000** क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृत्ति **घटने** की है। दिनांक 04.08.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे इस वर्ष अबतक का अधिकतम जलस्राव **1,47,500** क्यूसेक दर्ज किया गया है।

विगत वर्ष दिनांक 28.09.2024 को गंडक बराज पर नदी का अधिकतम जलस्राव **5,62,500 क्यूसेक दर्ज किया गया था।**

(ख) **कोसी नदी (वीरपुर बराज) :– दिनांक 05.08.2025 को अपराह्न 04:00 बजे** कोसी बराज पर नदी का जलस्राव **1,79,230** क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृत्ति **स्थिर** है। दिनांक 03.08.2025 को अपराह्न 08:00 बजे इस वर्ष अबतक का अधिकतम जलस्राव **1,91,210** क्यूसेक दर्ज किया गया है।

विगत वर्ष दिनांक 29.09.2024 को कोसी बराज पर नदी का अधिकतम जलस्राव **6,61,295 क्यूसेक दर्ज किया गया था।**

**5.** **एन०डी०आर०एफ० एवं एस०डी०आर०एफ०** :– संभावित बाढ़ के दृष्टिगत त्वरित गति से राहत एवं बचाव कार्य हेतु **एस०डी०आर०एफ० की 22 एवं एन०डी०आर०एफ० की 06 टीमों** को विभिन्न जिलों में प्रतिनियुक्त किया गया है।

**6.** **वर्षापात का पूर्वानुमान :– बिहार मौसम सेवा केन्द्र के द्वारा अगले 02 दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की वर्षा (15 मि0मी0 तक) एवं सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, जमुई, बांका और नवादा के भागों में मध्यम स्तर की वर्षा (64 मि0मी0 तक) होने की संभावना व्यक्त की गई है।**

**स्थिति पर सतत् निगरानी रखी जा रही है।**